Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **एसीबी के अतिरिक्त निदेशक, अभियोजन श्री सुशील कुमार शर्मा को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई**
- **एसीबी, महानिदेशक ने दी हार्दिक शुभकामनाएँ**

जयपुर, *29 अप्रेल शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय पर पदस्थापित **अतिरिक्त निदेशक, अभियोजन श्री सुशील कुमार शर्मा** की सेवानिवृत्ति के अवसर पर महानिदेशक, एसीबी द्वारा श्री शर्मा को विदाई दी गई। इस अवसर पर एसीबी मुख्यालय पर पदस्थापित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने ए.सी.बी. मुख्यालय पर पदस्थापित अतिरिक्त निदेशक, अभियोजन श्री सुशील कुमार शर्मा की सेवानिवृति के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में कहा कि श्री सुशील कुमार शर्मा जी का एसीबी में उत्कृष्ट कार्यकाल रहा तथा इनके वृहद विधिक अनुभव से सभी लाभान्वित हुये। महानिदेशक ने एसीबी परिवार की ओर से श्री शर्मा को स्वस्थ, सुखद भविष्य की शुभकामनाएँ दी तथा उनका शाल–साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।